# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स

## ई–टेंडरिंग सूचना सं.04/एसएफएससी/दिविप्रा/2012–13

दिल्ली विकास प्राधिकरण (खेल प्रकोष्ठ) की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ऑनलाइन निविदाएं पुनःआमंत्रित की जाती हैं: एक वर्ष (12 माह) की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर हौजखास में जिमनेजियम/फिटनेस सेंटर चलाना, रखरखाव और परिचालन। **निविदाएं दो भागों अर्थात् तकनीकी बोली युक्त 'भाग–1' और वित्तीय बोली युक्त 'भाग–2' में होगी।** जिमनेजियम/फिटनेस सेंटर चलाने, रखरखाव और परिचालन के क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव और **चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत प्रमाणित समान प्रकार के व्यवसाय जैसे पंजीकृत जिम/फिटनेस सेंटर/हेल्थ क्लब आदि से पिछले दो वित्तीय वर्षों में प्रत्येक में रु.20 लाख का आवर्तन रखने वाली एजेंसियां ही केवल निविदाएं जमा करने की अधिकारी होंगी। निर्धारित प्रारूप के अनुसार जमा न किए जाने वाले मूल्यों पर किसी भी कीमत पर विचार नहीं किया जाएगा।** यह जिमनेजियम/फिटनेस सेंटर हौजखास में स्थित है।

निविदा के भाग–1 अर्थात् तकनीकी बोली में निविदाकार अनुभव का विवरण अर्थात् कार्य प्रदान करने के पत्रों, उनके द्वारा किए गए समान प्रकृति के कार्यों की संतोषजनक पूर्णता के विधिवत सत्यापित प्रमाणपत्रों की प्रतियां; वार्षिक आवर्तन दर्शाने वाले अधिकृत प्रमाण (बैलेंस शीट द्वारा पुष्ट), उनके पास उपलब्ध मानवबल, उनकी योग्यता और इस क्षेत्र में अनुभव आदि संलग्न करेंगे। कंपनी/फर्म होने की दशा में पंजीकरण प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति और आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन भी संलग्न किया जाएगा। **निविदाकार विभिन्न सरकारी/अन्य एजेंसियों से अधिकृत, वांछित दस्तावेज प्राप्त करने के लिए दिविप्रा द्वारा नामित एजेंसी को अधिकृत मानते हुए नोटेरी पब्लिक द्वारा विधिवत सत्यापित रुपए 10/– कीमत के गैर–न्यायिक स्टांप पेपर पर अधिकृति पत्र (प्रारूप संलग्न) भी जमा करेंगे।** निविदा के भाग–2 में निविदाकार द्वारा प्रस्तावित मासिक लाइसेंस शुल्क (प्रतिमाह) दर्शाते हुए वित्तीय बोली रखनी चाहिए।

निविदा दस्तावेज **दिनांक 02.08.2012 (बिक्री की अंतिम तिथि)** तक ई–टेंडरिंग पोर्टल अर्थात **www.tenderwizard.com/DDA** अथवा **www.dda.org.in** से प्राप्त/डाउनलोड कर सकते हैं। रु.25,000/– धरोहर राशि और रु.525/– (अप्रतिदेय) निविदा दस्तावेज का शुल्क सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स के खाते में आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा जमा किया जाएगा। आरटीजीएस/एनईएफटी का अद्वितीय ट्रांजैक्शन संदर्भ निर्धारित तिथि तक ई–टेंडरिंग प्रणाली में निविदाकार द्वारा अपलोड करना होगा। संबंधित डीडीओ'ज निविदा खुलने से पूर्व प्रत्येक आरटीजीएस/एनईएफटी के सामने अद्वितीय ट्रांजैक्शन संदर्भ नंबर पर आधारित अपने बैंक से निविदा लागत/धरोहर राशि सत्यापित करेंगे।

धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज के मूल्य के सामने आरटीजीएस/एनईएफटी के अद्वितीय ट्रांजैक्शन संदर्भ नंबर एकल मोहरबंद लिफाफे, जिसपर कार्य का नाम और मूल्य खुलने की तय तिथि के साथ **''धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज का मूल्य''** अंकित होगा, पर दर्ज किया जाएगा तथा निर्धारित तिथि को निविदा खोलने वाले अधिकारी के पास जमा किया जाएगा।

| **एनआईटी सं.**<br>**कार्य का नाम** | **निविदा मूल्य**<br>**निविदा प्रक्रिया शुल्क**<br>**धरोहर राशि** | **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय**<br>**अवधि जिसमें धरो. रा., निविदा दस्ता. का मूल्य ई–निविदा प्रक्रिया शुल्क के सामन आरटीजीएस/एनईएफटी के अद्वितीय ट्रांजैक्शन संदर्भ और अन्य दस्तावेज जमा होंगे** | **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** | **बैंक विवरण** |
|---|---|---|---|---|
| 04/एसएफएससी/दिविप्रा/2012–13<br>मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर हौजखास में जिमनेजियम/फिटनेस सेंटर चलाना, रखरखाव और परिचालन। | रु.525/-<br>रु.562/-<br>रु.25,000/- | 02.08.2012 अप. 3.00 बजे तक<br>03.08.2012 अप. 3.00 बजे तक | 06.08.2012 अप. 3.30 बजे तक | **बैंक खाता सं.** 13940100000985<br>**बैंक का नामः** यूको बैंक<br>**शाखा का नामः** शाहपुरजट, नई दिल्ली<br>**आईएफएससी कोडः** UCBA0001394 |

**नोटः– (1) स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स का नाम एवं पता :** सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स **(2) अनुबंध की अवधि :** एक वर्ष

निविदाकार की तकनीकी क्षमताओं के मूल्यांकन के बाद वित्तीय बोली केवल उन निविदाकारों की खोली जाएगी जिन्हें तकनीकी रूप से योग्य पाया जाता है। चुने गए निविदाकारों को वित्तीय बोली खुलने की तिथि की सूचना किसी भी माध्यम अर्थात डाक/कूरियर/टेलीफोन/ई–मेल/वेबसाइट द्वारा दी जाएगी।

**आयुक्त (खेल)**
**दिल्ली विकास प्राधिकरण**

**नोटः** योग्यता मापदंड, निविदा मूल्य, प्रक्रिया शुल्क एवं धरोहर राशि के भुगतान का माध्यम तथा निविदा के अन्य विवरण हेतु वेबसाइटः **www.tenderwizard.com/DDA** अथवा **www.dda.org.in** पर जाएं। ई–टेंडरिंग पर किसी सहायता के लिए कृपया संपर्क करें: **मैसर्स आई.टी.आई. लिमिटेड फोन 011–49424365, 8800991856, 8800991864, 8800991859, 9971662903, 8800991851, 8800991861 और फैक्स. 011–25618721**

"कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.org.in देखें अथवा 39898911 डायल करें"